वर्ष- 21 अंक - 254 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

# एक और जंग शुरू
# अफगानिस्तान के हमले में 55 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

## 19 पोस्ट पर तालिबान का कब्जा, पाकिस्तान का फाइटर जेट भी मार गिराया

## पाकिस्तान ने भी 133 तालिबान लड़ाकों का काम तमाम करने का किया दावा

शुक्रवार ● एजेंसी

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीस्तीन के बीच चल रहे युद्ध के बाद अब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सीधी जंग शुरू हो गई। पिछले दिनों पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी, जिसके जवाब में अफगानिस्तान ने बड़ा हमला कर 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने और पाकिस्तान के 19 पोस्ट पर कब्जा करने का दावा किया है। अफगान बॉर्डर में घुस रहे एक पाकिस्तानी फाइटर जेट को भी मारने का दावा किया गया। अफगानिस्तान के इस हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अफगानिस्तान तालिबान के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। इसी ऐलान के साथ पाकिस्तान ने भी अफगानिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' शुरू कर ताबड़तोड़ हमले किए। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके हमलों में 133 तालिबान लड़ाकों सहित 180 लोगों की मौत हुई है। उधर अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उनके पास हैं। जबकि कुछ पाकिस्तानी सैनिकों को जिंदा पकड़ा गया है। पाकिस्तान सरकार का दावा है कि अब तक 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हैं। 27 तालिबान चौकियां तबाह कर दी गई हैं और 9 पर कब्जा कर लिया गया है।



## जेएनयू में प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पत्थर-जूते फेंके, 25 पुलिसकर्मी घायल, 51 छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस पर पत्थर, जूते, डंडे-बैनर फेंके और छात्रों ने कुछ पुलिसवालों को दांत से काट लिया। पुलिसवालों से मारपीट भी की गई। छात्रों के इस हमले से 25 पुलिसकर्मी घायल हो गए। छात्रों और पुलिसकर्मियों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस ने 51 छात्रों को हिरासत में लिया। यह बवाल तब हुआ जब यूजीसी रेगुलेशन, जेएनयूएसयू के पदाधिकारियों को निकालने और वाइस चांसलर शांतिश्री धुलीपुडी पंडित की बातों जैसे मुद्दों पर चल रहे विरोध प्रदर्शन के तहत करीब 400-500 स्टूडेंट्स शिक्षा मंत्रालय तक 'लॉन्ग मार्च' के लिए कैंपस में इकट्ठा हुए थे, जिन्हें पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।



## हर बार भारत से पिटा पाकिस्तान, खुद भाड़े की जंग लड़ता है

**काबुल.एजेंसी।** अफगान-पाक जंग के बीच शीर्ष अफगानन तालिबान अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान भाड़े की जंग लड़ता है। एक भी जंग नहीं जीता, हर बार भारत से पिटा इसीलिए अफगान नागरिकों पर हमले कर रहा है।' अफगानिस्तान में तालिबान के शीर्ष अधिकारी और संस्कृति मंत्रालय में निदेशक कारी सईद खोशती ने कहा कि 22 फरवरी को मासूम अफगान नागरिकों पर की गई पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक का बदला है और ये तब तक जारी रहेगा जब तक बदला पूरा नहीं हो जाता।

## तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पन्नीरसेल्वम द्रमुक में हुए शामिल

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले सियासत में हलचल तेज हो गई है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम आज सत्ताधारी पार्टी द्रमुक में शामिल हो गए हैं। पन्नीरसेल्वम तीन बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उन्हें दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता के सबसे भरोसेमंद सिपहसालार माना जाता रहा है। अन्ना द्रमुक में उनके और एडप्पादी के. पलानीस्वामी के बीच लंबे समय तक नेतृत्व संघर्ष चला, जिसके बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

## रंग एकादशी का जुलूस और जुमे की नमाज एक साथ
# संभल में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

**संभल.एजेंसी।** संभल में आज का दिन सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। रंग एकादशी की चौपाई का जुलूस जामा मस्जिद के पास से गुजरेगा, तो दूसरी तरफ रमजान के दूसरे जुमे की नमाज भी अदा की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल और ड्रोन कैमरों का पहरा लगाया गया है। रंग एकादशी का जुलूस उन रास्तों से गुजरेगा जो सांप्रदायिक रूप से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। विशेष रूप से जामा मस्जिद के पास वाले रास्ते पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# बरसाना की लट्ठमार होली में भगदड़

**बरसाना.** मथुरा के बरसाना में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली के दौरान भीड़ अचानक अनियंत्रित हो गई, जिसके बाद कुछ लोग नीचे गिर गए लट्ठमार होली उत्सव के दौरान श्रीजी मंदिर में भीड़ का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। दोपहर चार बजे जब मंदिर के कपाट खुले तो भीड़ तेजी से मंदिर की ओर बढ़ी, जिसकी वजह से कुछ श्रद्धालु ज़मीन पर गिर गए। पुलिस की सावधानी से बड़ा हादसा टल गया।





## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**ग्रेटर नोएडा.एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल में देर रात अंतिम सांस ली। करीब तीन दिन से अस्पताल में भर्ती थे। रिंकू सिंह के पिता गैस एजेंसी में हॉकर का काम करते थे। पिता के निधन की खबर सुनकर रिंकू सिंह चेन्नई से अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

## 7 घंटे तक स्कूल की बस में बंद रहा बच्चा

**नोएडा.एजेंसी।** नोएडा के एक निजी स्कूल में यूकेजी का एक छात्र लगभग 7 घंटे तक स्कूल बस में बंद रहा। बस चालक और कंडक्टर ने बस चेक नहीं की, जिससे बच्चा स्कूल नहीं पहुंच पाया। परिवार ने बच्चे की तलाश की और स्कूल से 25 किलोमीटर दूर खड़ी बस से उसे बरामद किया।

## हाईवे पर पड़ी थी लहूलुहान पांच महिलाएं तीन की मौत

**महोबा.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के महोबा में कानपुर-सागर हाईवे पर अज्ञात पिकअप की टक्कर से तीन महिला श्रमिकों की मौत हो गई। टक्कर के बाद सड़क पर धूल का गुबार उड़ा। गुबार हटते ही खून से लथपथ पांच महिलाएं इधर-उधर पड़ीं थीं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन महिलाओं की मौत हो गई।

## मुर्मू ने फाइटर हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी ऐसा करने वाली पहली राष्ट्रपति

**जैसलमेर.एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरी। वे हेलिकॉप्टर प्रचंड में बतौर को-पायलट उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं। वे पिछले अक्टूबर महीने में राफेल में बैठी थीं।

## आज गिरफ्तार हो सकते हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज.एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े पॉक्सो मामले की आज सुनवाई होगी। अग्रिम जमानत याचिका पर होने वाली यह कार्रवाई इस पूरे मामले का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। यहां से साफ होगा कि स्वामी को राहत मिलती है या गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी। स्वामी के खिलाफ नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़ा मामला सामने आया था।

# चंदन नगर में नोटिस देने की तैयारी शुरू

## निगम के अधिकारी नोटिस तैयार करने के साथ करवा रहे हैं वकीलों को चेक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा चंदन नगर क्षेत्र में 400 मकान के हिस्से तोड़ने के लिए नोटिस देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम के अधिकारी नोटिस तैयार करने के साथ नोटिस को वकीलों को चेक भी करवा रहे हैं। उसके बाद में नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।**

नगर निगम के द्वारा धार रोड को एरोड्रम रोड से जोड़ने वाली चंदन नगर की सड़क का निर्माण करने का फैसला लिया गया है। इस सड़क को प्राथमिकता के साथ बनाने में रुचि का प्रदर्शन किया जा रहा है। निगम की ओर से पूरे सड़क के निर्माण के क्षेत्र का सर्वे करने का काम पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया है कि कौन सा मकान कितना टूटेगा। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि कितने लोगों के मकान पूरे ही इस सड़क के कारण खत्म हो जाएंगे। राज्य सरकार के द्वारा इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने की औपचारिकता पूरी कर ली गई है। निगम की ओर से प्रस्ताव भेजकर यह पहल करवाई गई थी। यह औपचारिकता पूरी हो जाने के बाद अब निगम का ध्यान इस सड़क का निर्माण शुरू करने पर है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस समय मुस्लिम समाज का रमजान का त्यौहार चल रहा है। ऐसे में त्यौहार के समय पर इस क्षेत्र के नागरिकों को नोटिस देना उचित नहीं रहेगा। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के इंजीनियर सुनील जादौन और वैभव देवलासे के द्वारा अभी नोटिस का मजनून बनाया जा रहा है। इसके साथ ही निगम के एडवोकेट ऋषि तिवारी को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह नोटिस के मैटर को फाइनल करें। निगम की ओर से यह कोशिश की जा रही है कि जब तक रमजान चल रहा है तब तक नोटिस का मजनून फाइनल कर लिया जाए और सभी के नाम पर नोटिस बनाकर तैयार कर लिया जाए। जैसे ही रमजान का त्यौहार समाप्त होगा वैसे ही यह नोटिस जारी करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस सड़क के निर्माण को अंजाम देने के लिए नगर निगम की ओर से बाकी की तैयारी हो चुकी है। निगम की चाहत यह है कि जैसे ही हम नोटिस देंगे वैसे ही थोड़ा समय लोगों को अपना निर्माण खुद हटाने के लिए दिया जाएगा। उसके बाद निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा कार्रवाई करते हुए लोगों के निर्माण हटाए जाएंगे और उसके साथ ही सड़क का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा।

### महापौर की है प्राथमिकता

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा इस सड़क के निर्माण के कार्य को सर्वाधिक प्राथमिकता वाले काम के रूप में लिया गया है। इस सड़क को बनाकर वे पश्चिमी रिंग रोड के वैकल्पिक मार्ग के रूप में नागरिकों को सुविधा देना चाहते हैं। उनका मानना है कि इस सड़क के बन जाने से वाहन चालकों को बड़ी सुविधा हो सकेगी। उन्हें धार रोड से एरोड्रम रोड जाने के लिए अभी जो लंबा चक्कर लगाना पड़ता है उससे मुक्ति मिल जाएगी।

### नागरिक कर रहे हैं विरोध

इस सड़क के निर्माण का चंदन नगर क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा विरोध किया जा रहा है। क्षेत्र के पार्षद रफीक खान नागरिकों को साथ में लेकर रमजान शुरू होने के पहले तक विरोध का आंदोलन चला रहे थे। उनकी ओर से नगर निगम और जिला प्रशासन के समक्ष यह पहल की गई है कि इस सड़क के निर्माण को चाहे कर दिया जाए लेकिन सड़क की चौड़ाई को 20 फीट घटा दिया जाएं। यदि ऐसा कर दिया जाता है तो बहुत सारे निर्माण तोड़फोड़ का शिकार होने से बच जाएंगे। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में छोटी-छोटी दुकानें बनी है जिससे कि लोगों का रोजगार और घर चलता है। यदि इस सड़क को नगर निगम की चाहत के अनुसार चौड़ाई में बना दिया जाता है तो इन सभी लोगों का रोजगार समाप्त हो जाएगा। ऐसे में इन लोगों के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष का रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत

## एक तरफ भाजपाई पहुंचे तो दूसरी तरफ माहेश्वरी समाजजनों ने भी बिछाए पलक पाँवड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज सुबह ट्रेन से इंदौर पहुंचे तो रेलवे स्टेशन पर उनकी अगवानी करने एक तरफ भाजपाई पहुंचे तो दूसरी तरफ माहेश्वरी समाजजन भी पहुंचे। वहीं दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए भी बिरला पहुंचे तो उनकी अगवानी भी की गई। बिरला आज दीक्षांत समारोह के अलावा माहेश्वरी समाजजनों के बीच भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इसलिए भी अगवानी करने माहेश्वरी समाजजन पहुंचे। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, अशोक चौहान, मलखान सिंह कुशवाह, राजेश शर्मा, नीता शर्मा, रानू गर्ग, नागेश पंवार सहित अन्य पहुंचे। आज रेलवे स्टेशन पर इंदौर के 2 सांसद और 9 भाजपा विधायक भी नजर नहीं आए। वहीं मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी रेलवे स्टेशन पर बड़े नेता के आगमन पर स्वागत के लिए नहीं पहुंचे वह भी चर्चा का विषय बना रहा। महापौर और एमआईसी सदस्य के अलावा पार्षद भी आज नजर नहीं आए।

# भाजपा नगर की लगी कार्यशाला

## ताई और अध्यक्ष सहित जिम्मेदारों ने दिए उद्बोधन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा की नगर कार्यशाला का आयोजन केसरबाग रोड गार्डन पर किया गया। इस कार्यशाला में अनुभवी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के अलावा रणवीरसिंह रावत, राजेन्द्रसिंह राजपूत, राजेशसिंह सोलंकी, सुमित मिश्रा, दिलीप पटोदिया, अनंत पंवार ने मार्गदर्शन भी दिया। पीपीटी के माध्यम से अशोक अधिकारी ने प्रशिक्षण वर्ग में जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी। दूसरे सत्र में भी नवाचार विषय पर संबोधन हुए। कार्यशाला में दीपक जैन टीनू, आलोक दुबे, भूपेन्द्र केसरी, नितिन शर्मा, कंचन गिदवानी, गुलशन यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, दीपांश खंडेलवाल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, मंडल और प्रशिक्षण की मंडल टोली के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# वीर सावरकर को याद किया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने वीर सावरकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर याद किया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया।

# ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की योजना नहीं -महापौर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि 2017 में इंदौर के ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए थे उसके बाद कई बार विवाद की स्थिति बनी थी। इस मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की किसी भी योजना में ललेडीपुरा और आसपास के गांवों में स्लॉटर हाउस बनाने का कोई विचार नहीं है। महापौर ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे और अब फिर से सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में स्लॉटर हाउस का निर्माण नहीं किया जाएगा। महापौर ने आगे कहा, वर्ष 2017 में तत्कालीन समय में इस परियोजना को लेकर अनुमति और कार्रवाई की गई थी, लेकिन मैं अब इस निर्णय को निरस्त करने के निर्देश दे चुका हूं।

# सराफा के व्यापारी और दलाल आज दोपहर निकालेंगे थाना तक रैली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के हृदय स्थल सराफा को ज्वेलरी और रात में चोपाटी के लिए जाना जाता है और यह शहर के बीचबीच मौजूद है। आज दोपहर 3 बजे इंदौर चांदी सोना जवाहरात व्यापारी एवं दलाल एसोसिएशन द्वारा मौन रैली बड़ा सराफा कॉर्नर से सराफा थाने तक निकालकर पुलिस को ज्ञापन दिया जाएगा। व्यापारी और दलाल के साथ पदाधिकारी आ रही समस्या पर ध्यान केन्द्रित करेंगे और बताएंगे कि सराफा मुख्य व्यापारिक केन्द्र है और यहां महिला ग्राहकों का भी आना-जाना रहता है। अभी कुछ समय से बाजार में गलत, नशाखोर एवं असामाजिक तत्व बाजार में आकर दलाली कर दलाल बन बैठे है इन लोगों का बाजार से कोई संबंध नहीं है। ये लोग सराफा बाजार की साख को गिराने का प्रयास कर रहे है। इस संदर्भ में कई बार पुलिस विभाग को अवगत करवाया गया है लेकिन फिर भी कोई ठोस कार्रवाई इन लोगों पर नहीं हुई है इसलिए सराफा एसोसिएशन शांतिपूर्वक मौन प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान केंद्रित करना चाहता है। इसीलिए आज रैली के रूप में थाना तक व्यापारी पहुंचेंगे।



# खुलने से पहले खालसा कॉलेज की 111 दुकानें सील

## 1 करोड 63 लाख रुपए की वसूली के लिए निगम की बड़ी कार्रवाई





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम द्वारा आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए खालसा कॉलेज के बाहर बनी हुई 111 दुकानें सील कर दी गई। इस कॉलेज पर संपत्तिकर का 1 करोड 63 लाख रुपए बाकी है। दुकानें खुलने से पहले जब यह कार्रवाई हुई तो जब दुकानदार पहुंचे तो हल्ला मच गया।

निगम द्वारा इन दोनों बकाया संपत्तिकर की वसूली का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर बकायादार से बकाया राशि जमा करने के लिए कहा जा रहा है जो बकायादार राशि जमा नहीं कर रहा है उसकी संपत्ति को सील करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह नगर निगम टीम द्वारा खालसा कॉलेज के बाहर बनी हुई 111 दुकानों को सील कर दिया गया। इस कॉलेज पर 1 करोड 63 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया है। निगम द्वारा इस कॉलेज को बकाया संपत्तिकर जमा करने के लिए चेतावनी दी गई थी। कॉलेज के प्राचार्य कक्ष को भी सील कर दिया गया था। इसके बाद कल नगर निगम की टीम द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से यह चेतावनी दी गई थी कि यदि अभी भी टैक्स जमा नहीं किया गया तो सभी दुकानों को सील कर दिया जाएगा। निगम की चेतावनी के बाद भी कॉलेज के प्रबंधन के द्वारा टैक्स की राशि जमा नहीं की गई। इसके परिणाम स्वरूप आज सुबह जल्दी जाकर नगर निगम की टीम ने कॉलेज के बाहर बनी हुई 111 दुकानों को सील कर दिया। जिस समय यह कार्रवाई की गई उसे समय दुकानदार अपनी दुकान खोलने के लिए भी नहीं आए थे।

### गली की दुकानें ज्यादातर बनी हुई है गोडाउन

लाबरिया भेरु मंदिर के पास से लेकर गंगवाल बस स्टेण्ड राजमोहल्ला तक की ज्यादातर दुकानें खुलती है। वहीं राजमोहल्ला चौराहा से वाल्मीकि बस्ती में जाने वाले मार्ग की ज्यादातर दुकानें गोडाउन बनी हुई है। इसलिए दुकानें कम ही नजर आती है। आज दुकानदार दुकान खोलने पहंुचे तो दुकानें सील मिली तो दुकानदारों का कहना था कि बाबी छाबडा द्वारा संचालित कालेज को सील नहीं किया गया जबकि ट्रस्ट ने दुकानें किराए से दे रखी है, उन्हें सील किया गया, जिनका कर भरने का दायित्व ट्रस्ट का है।




### नाश्ता दुकानें बंद शटर के बाहर हुई संचालित

खालसा स्टेडियम के बाहर बनी दुकानों में कई तरह सामग्री की दुकानें संचालित होती है, ट्रेवल्स, हार्डवेयर, गैरेज, आटो पार्टस् के अलावा नाश्ता और भोजनालय भी है। आज सुबह जब निगम की टीम इन दुकानों को सील करने पहुंचे तो चुनिंदा दुकानें खुल चुकी थी। जिसमें नाश्ता, भोजनालय और एक दूध डेयरी भी शामिल है। संचालकों ने अपना जरुरी सामान दुकानों के अंदर से बाहर निकाल लिया जिसके बाद निगम ने इन्हें सील कर दिया। बंद शटर के बाहर से नाश्ता दुकान, भोजनालय और डेयरी आज संचालित हुई।

### कॉलेज को भी बंद कर देंगे

इसके साथी नगर निगम के द्वारा यह चेतावनी भी दी गई है कि अब भी यदि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा बकाया टैक्स की राशि जमा नहीं की जाती है तो कॉलेज के भवन को भी सील करने की कार्रवाई कर दी जाएगी। इस भवन को सील कर देंगे तो फिर कॉलेज भी बंद हो जाएगा। ध्यान रहे कि इस कॉलेज पर पहले भी कई बार कार्रवाई की गई और चेतावनी दी गई लेकिन कॉलेज की ओर से बकाया टैक्स की राशि जमा नहीं की गई।

### दुकानदार पहुंचे तो पता चला

निगम ने सुबह करीब 8 बजे से इन दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। अलग-अलग टीमों ने दोनों छोर से दुकानें सील करना शुरू कर दी। इस समय चुनिंदा दुकानें ही खुली थी। 10 बजे बाद जब हार्डवेयर सहित अन्य दुकानदार पहुंचे तो दुकानों पर सील देख अपने सिर पर सल चढ़ा लिए। दुकानदार एक-दूसरे को फोन लगाकर सील होने की जानकारी देते रहे। उनका कहना है कि सभी व्यापारी एकत्रित होकर आगामी निर्णय लेंगे। वैसे तो सभी दुकानदारों को आज सुबह दुकानें सील देखकर परेशानी हुई लेकिन ज्यादा परेशानी ट्रेवल्स वालों की हो गई। सुबह अलग-अलग स्थानों से बसें यहां पहुंचती है। जिनमें सामान भी भरा होता है। लगेज इन्हीं ट्रेवल्स पर उतरता है।



## केन्द्रीय मंत्री ने की शिरकत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधायक गोलू शुक्ला के निवास पर पहुंचकर उनके बेटे और बहू को आशीष प्रदान किया। इस दौरान शिवराज का स्वागत पूरे परिवार और निकट के लोगों ने किया और भोज का आयोजन भी किया गया।

## जिला कांग्रेस पायलट प्रोजेक्ट में अव्वल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला कांग्रेस में पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है उसी के तहत पंचायत बूथ स्तर पर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जा रही है। जिला कांग्रेस ने जिले की हर विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट अभियान किया। जिला, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर नियुक्ति का काम जिला कांग्रेस ने किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े लगातार निचले स्तर तक कार्यकारिणी का गठन करवा रहे हैं। इंदौर जिला ग्रामीण क्षेत्र में 334 ग्राम पंचायत और जिले की 8 नगर परिषद के 128 वार्ड अध्यक्षों सहित सभी में 25-25 लोगों की सक्रिय कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर इन्दौर में जिला पंचायत के वार्डों से लेकर पंचायत स्तर तक की समितियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें महिला, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति/जन जाति विभाग तथा बाल कांग्रेस का के प्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व देने के साथ ही बीएलए 2 के एक-एक प्रतिनिधी को भी शामिल किया गया है। जिला अध्यक्ष वानखेड़े के मुताबिक संगठन सृजन अभियान के तहत मप्र में सबसे पहले इन्दौर जिला कांग्रेस ने संगठन को मजबूत बनाने की दृष्टि से यह काम पूरा किया है। जिला कांग्रेस ग्राम पंचायत कमेटियों के गठन के साथ पायलेट प्रोजक्ट के रूप में पूर्ण हो चुका है। इस तरह जिला कांग्रेस प्रदेश भर में पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अव्वल बन चुकी है।

## देश के वीर सपूत चन्द्रशेखर आजाद को याद किया

### *महापौर स्कूटर पर भी घूमे और जनसंवाद भी किया*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देश के वीर सपूत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद चन्द्रशेखर आजाद को आज उनकी पुण्यतिथि अवसर पर याद किया गया। चन्दननगर चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पार्षद महेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पार्षद महेश चौधरी के साथ स्कूटर पर क्षेत्र का भ्रमण भी किया। खेड़ापति हनुमान मंदिर क्षेत्र में मौजूद नागरिकों के साथ संवाद भी किया गया। जनता की समस्या पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



# मुख्यमंत्री इन्दौर आकर अलीराजपुर होंगे रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इन्दौर आकर अलीराजपुर के लिए रवाना हो रहे हैं। वे अलीराजपुर के चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उदयगढ़ में भगोरिया उत्सव में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 79.92 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।

# जिला कांग्रेस ने विधानसभा में मंडलम की भौगोलिक स्तर पर की चर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कल कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में जिला कांग्रेस के प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित की। हर विधानसभा से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे थे। हर विधानसभा में मंडलम की भौगोलिक स्थिति को लेकर चर्चा की गई और नीति निर्धारण भी की गई। इस भौगोलिक स्थिति के बाद अब मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला कांग्रेस में पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है और उसी के मुताबिक पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाना है। कल बैठक में विपिन वानखेड़े, दौलत पटेल, मोतीसिंह पटेल, जीतू ठाकुर, भूपेन्द्र गुर्जर, आशीष चौरसिया, दिनेश सलवाड़िया, शक्तिसिंह जाट सहित अन्य मौजूद थे।



# विजयवर्गीय करा रहे हैं आज शाम फाग कीर्तन और भोज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपनी विधानसभा 1 के 17 वार्डों के पार्षद, हारे हुए उम्मीदवार, मंडल पदाधिकारी सहित सभी भाजपाई नेता, कार्यकर्ताओं के साथ आज होली मिलन के अन्तर्गत फाग कीर्तन का आयोजन महावीर बाग बिजासन रोड पर आज शाम से रात तक किया जाएगा। कैलाश विजयवर्गीय, आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, अशोक चौहान की भी मौजूदगी रहेगी।**

# दवा बाजार के परिसर में फैली हुई थी गंदगी

## सीएसआई, दरोगा का वेतन काटा, एजेंसी पर लगाई पेनल्टी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल जहां भी दौरा करने के लिए जा रहे हैं वहां पर उन्हें गंदगी और कचरा मिल रहा है। उनके द्वारा बार-बार नगर निगम के कर्मचारियों को सजगता रखने के लिए कहा जा रहा है लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकल पा रहा है।

सिंघल द्वारा आज झोन क्रमांक 11 के अंतर्गत जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका, दवा बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवा बाजार परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में कचरा एवं गंदगी पाई गई। इस पर आयुक्त द्वारा दवा बाजार परिसर में सफाई कार्य में संलग्न एजेंसी के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित सीएसआई शैलेश पाल को मौके पर ही फटकार लगाई गई। साथ ही दवा बाजार क्षेत्र में कचरा फैलाने वाले दुकानदारों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सफाई कार्य में उदासीनता बरतने पर सिंघल द्वारा सीएसआई शैलेश पाल का 3 दिवस का वेतन एवं दरोगा रुचिर राणा का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता अभियान के मद्देनजर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना होगा।

### जिंसी हाट मैदान का भी दौरा

सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 20 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 स्थित जिंसी हाट मैदान एवं अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने क्षेत्रीय सीएसआई संदीप डांगी का 03 दिवस का वेतन तथा क्षेत्रीय दरोगा दुष्यंत डाबोरे का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा कडाबीन हाजिरी सेंटर पर उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया, रजिस्टर में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सिंघल ने निर्देश दिए कि सभी झोन नियंत्रणकर्ता अधिकारी, झोनल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें । बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक स्थल, चौराहे एवं पार्कों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया जाए।

# तापमान हो गया 33 डिग्री

## सुबह से आसमान में छाई बदली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मौसम के करवट बदलने का सिलसिला जारी है। इंदौर का तापमान बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। लोगों को गर्मी का खूब एहसास हो रहा है। इसी बीच आज सुबह फिर से मौसम बदलता हुआ नजर आया और आसमान पर बदली छाई हुई थी।

इस बार मौसम बार-बार परिवर्तन का शिकार हो रहा है। ठंड के मौसम में लोगों को गर्मी का एहसास कराया जा रहा है। इस स्थिति में कल का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस रहा है जो की सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान बढ़ते हुए 15.1 डिग्री सेल्सियस हो गया है। यह भी सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके साथ ही नागरिकों को गर्मी का एहसास पूरा और पर्याप्त हो रहा है। एक बार फिर नागरिक गर्म कपड़े पहनाना भूल गए हैं। सभी ने अपने ग़र्म कपड़े संभाल कर रख दिए हैं। इस समय हवा की गति भी करीब 13 किलोमीटर प्रति घंटा की चल रही है। यह हवा चुभ नहीं रही है बल्कि सभी को राहत दे रही है। गर्मी के इस दौर में हवा से नागरिकों को आनंद प्राप्त हो रहा है। आज सुबह के समय पर तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इसके साथ ही आसमान पर बदली छाई हुई थी। धूप नहीं निकली थी। जिसके चलते हुए इस बात का संकेत मिल रहा है कि आज मौसम एक बार फिर करवट बदलेगा। पिछले कुछ दिनों से जो तेज गर्मी महसूस हो रही थी वह आज हो सकता है कि गायब हो जाएं। इसके साथ ही लोगों को हल्की ठंड भी महसूस होना शुरू हो जाएं। वैसे भी होली के त्यौहार के मौके पर हमेशा ठंड की स्थिति रहती है। यही कारण है की होली खेलने वाले लोग जब ठंडा पानी से गीले होते हैं तो उन्हें कंपन होने लगती है।

# ग़ैस रिसाव से 5 प्रभावितों का इलाज जारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रावजी बाजार क्षेत्र में बीती रात उस वक्त हड़कम्प मच गय था जब एक कबाडी की दुकान पर सिलेंडर काटते हुए ज्वलंतशील गैस का रिसाव शुरू हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों को घबराहट, आंखों में जलन और अन्य तकलीफ शुरू हुई। इसके बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन पहुंचा। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद पांच लोगों का इलाज एमवाय में चल रहा है। घटना के बाद परवीन, पलक और फरीदा को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं देर रात रुबीना और कासिम को भी एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है।

# बजरंग दल ने सौंपा अश्लीलता और नशे के खिलाफ ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर आगामी हिन्दू त्योहार होली-रंग पंचमी पर अश्लीलता और नशा व गैर सांस्कृतिक कार्यक्रम के खिलाफ ज्ञापन पुलिस को सौंपा और मांग की गई कि किसी भी तरह की अव्यवस्था हिन्दू धर्म के खिलाफ नहीं हो। विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि हिंदू त्योहारों की आड़ में फार्म हाउस, क्लब, होटल और रिजॉर्ट में आयोजित कुछ कार्यक्रमों में शराब, नशा और अभद्रता की शिकायतें मिलती रही हैं, जिससे शहर की सांस्कृतिक पहचान प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई, जो भी लोग अलग-अलग जगह इवेंट कर रहे हैं उनके लिए अनुमति अनिवार्य की जाए, आयोजक के पूरे दस्तावेज लिए जाए, वीडियो रिकार्डिंग की जाए, कौन आ-जा रहा है उसका रजिस्टर मेंटेन किया जाए। कपल इन्ट्री के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। केमिकल युक्त रंग, आयल पेंट, कोयला और हानिकारक पदार्थों पर प्रतिबंधित हो सहित कई मुद्दे शामिल किए। प्रवीण दरेकर, देवा शर्मा, लक्की रघुवंशी, पप्पू ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# नो पार्किंग को लेकर रहवासियों के साथ पुलिस की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर और क्षेत्र में रोड पर पार्किंग नहीं किया जाए इस मुद्दे पर ग्रेटर कैलाश मार्ग, आनंद बाजार क्षेत्र के रहवासियों एवं दुकानदारों के साथ पुलिस ने बैठक की। अच्छे यातायात को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए गए। रहवासियों की बात भी पुलिस ने सुनी। पुलिस अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने रोड पर खासतौर से घरों और दुकानों के बाहर वाहन स्थाई रूप से खड़े ना हो इसके दिशा-निर्देश दिए।



# आज से 2 मार्च तक 58 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का होगा निष्पादन

## 19 मदिरा समूह रहेंगे प्रथम चरण के ई-टेण्डर में शामिल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले के 19 मदिरा समूहों के 58 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन आज से किया जाना है। यह प्रक्रिया आनलाइन 2 मार्च तक चलेगी। इन शराब दुकानों के लिए ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने का काम आज से शुरू हो चुका है। यह टेण्डर 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए रहेंगे। इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूहों की 58 कम्पोजिट मदिरा दुकानें का बैच-1 प्रथम चरण में ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से निष्पादन आज से किया जायेगा। मदिरा दुकानों / एकल समूहों के निष्पादन की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टोरेट इंदौर के सभाकक्ष में की जायेगी। सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण बैच 1 में ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि आज 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 2 मार्च को दोपहर 02 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 2 मार्च को दोपहर 2.05 बजे से रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि 02 मार्च को दोपहर 03.30 बजे से सायंकाल 5.30 बजे तक होगी। तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि होगी। ई-टेण्डर खोलने की तिथि- संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 2 मार्च 2026 को सायंकाल 06 बजे (जो भी बाद में हो) रहेगा। जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय-ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से बैच-1 के प्रथम चरण में निष्पादित किये जाने वाले 19 मदिरा एकल समूहों में स्कीम नं-54, एमआईजी, गांधीनगर, मूसाखेड़ी, बाणगंगा, सरवटे बस स्टेण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर, स्कीम नं. 51, बीजलपुर, गवली पलासिया, अग्रसेन चौराहा, खुड़ैल, साजन नगर, आगरा, गौतमपुरा, इमली बाजार, मानपुर, चोरल और सगड़ौद शामिल हैं। समूहों के लिए ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन दोनों प्रक्रियाओं के माध्यम से ऑफर प्राप्त करने हेतु 02 पृथक-पृथक टेण्डर्स लाइव किये जाएंगे। टेण्डरदाता, किसी समूह के लिए एक प्रक्रिया अथवा दोनों प्रक्रियाओं में भाग ले सकेगा किन्तु दोनों प्रक्रियाओं में भाग लेने हेतु उनके द्वारा पृथक-पृथक टेण्डर फीस एवं ईएमडी की राशि का भुगतान किया जाना आवश्यक होगा। समूह के लिए प्रथमतः ई-टेण्डर कम ऑक्शन की प्रक्रिया को पूर्णतः सम्पादित कर, ऑक्शन में उच्चतम ऑफर प्राप्त हो जाने के उपरांत ही संबंधित समूह के ई-टेण्डर की तकनीकी एवं फायनेंशियल बिड को क्रमशः खोला जाएगा। उक्त दोनों प्रक्रियाओं में प्राप्त उच्चतम ऑफर्स में से अधिक राशि के ऑफर पर निष्पादन का निर्णय लिया जाएगा। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति टेण्डरदाता (बिडर) को एनआईसी के mptenders पोर्टल https://mptenders.gov.in के होम पेज पर 'ऑनलाइन बिडर एनरोलमेंट' में जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण करना होगी। इस हेतु बिडर का क्लास-3 डिजिटल सिग्नेचर होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन उपरांत इच्छुक बिडर अपनी लॉगिन आई.डी., पासवर्ड एवं डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर सकता है। एक व्यक्ति/फर्म/एलएलपी कम्पनी/ कन्सोर्टियम एक या एक से अधिक अथवा सभी मदिरा दुकानों एकल समूहों के लिए अलग-अलग ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त प्रक्रिया में भाग लेने हेतु समस्त प्रकार के आवेदकों (व्यक्ति फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप/कंपनी/ कन्सोर्टियम आदि) को ई-आबकारी पोर्टल (https://eaabkari.mp.gov.in/) पर कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है। वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी अथवा पूर्व वर्ष में कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल पर पंजीकरण कर चुके आवेदकों को पुनः वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकरण करना अनिवार्य है। टेण्डरदाता को किसी भी मदिरा दुकान एकल समूह के टेक्नीकल पात्रता हेतु ई-आबकारी पोर्टल के कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल में पंजीकरण एवं स्वीकृति उपरांत प्राप्त अप्रूवल स्लीप को टेक्नीकल बिड में आवश्यक रुप से अपलोड करनी होगी। टेक्नीकल बिड में पात्रता हेतु अन्य किसी अभिलेख की आवश्यकता नहीं होगी। किसी समूह पर निविदा प्रस्तुत करने के लिए बिडर को, पोर्टल प्रोसेसिंग फीस, उस संबंधित समूह के टेण्डर फार्म की कीमत एवं उक्त समूह की निर्धारित अर्नेस्टमनी की राशि ऑनलाइन एनईएफटी/आरटीजीएस अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कराते हुए अपनी टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सबमिट करनी होगी। तदपरांत ही बिडर अपनी बिड फ्रीज कर सकता है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहले आओ, पहले पाओ प्रवेश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। उक्त संस्थान में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल से हाई सेकेण्ड्री उत्तीर्ण है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में संपर्क कर सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि सर्विस टेक्निशन होम अप्लायंस, ड्रोन सर्विस टेक्निशियन, इंडस्ट्रीयल वेस्ट वाटर ट्रिटमेंट ऑपरेटर और टेक्निशियन बैट्री मेंटेनेन्स, प्रोसेसिंग एवं रीसाईकलिंग, टेलिकॉम ई-वेस्ट हेण्डलर और टैक्सी ड्रायवर (केवल महिलाओं के लिए) जॉब के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई सेकेण्डरी है। प्लॉस्टिक री-साईक्लिंग माइक्रो इंटरप्रेनर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल उत्तीर्ण है। उक्त सभी जॉब के लिए प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रत्येक प्रशिक्षण की अवधि दो-तीन माह की है।

## चना पंजीयन हेतु बनाये गए 61 पंजीयन केन्द्र, 16 मार्च तक होगा पंजीयन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले में चना उपार्जन के लिये किसान अपनी फसल का पंजीयन आगामी 16 मार्च तक करा सकते हैं। चना उपार्जन के लिए पंजीयन विगत 20 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं। जिले में चना पंजीयन के लिए पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय उपार्जन प्रशासकीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा है। अपर कलेक्टर रोशन राय ने बताया कि जिले में किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन की व्यवस्था सहज और सुगम बनायी गई है। जिले की देपालपुर तहसील में सर्वाधिक 26 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इसी तरह सांवेर में 14 और हातोद में 8 केन्द्र, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 5, खुडेल में 3, बिचौली हप्सी और कनाड़िया तहसील में दो-दो तथा मल्हारगंज तहसील में एक पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इस प्रकार इंदौर जिले में कुल 61 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं।

## इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा किसानों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार, कलेक्टर का किया सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। यह सड़क सिंहस्थ को देखते हुए अत्यन्त महत्वपूर्ण साबित होगी। इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा मिलने और सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं निराकृत होने पर संबंधित क्षेत्र के किसानों एवं भू-स्वामियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों ने रेसिडेंसी कोठी पहुंचकर कलेक्टर शिवम वर्मा को साफा पहनाकर सम्मान किया। किसानों ने कहा कि



पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मिला मुआवजा उनके लिए आर्थिक रूप से सहायक साबित होगा और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्णय लिया है कि इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन रोड अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनेगा। कल संबंधित क्षेत्र के किसानों ने भोपाल पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर आभार जताया था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जायेगा। जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिये शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## दो दिवसीय होली मेला कल से

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** होली महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतू 28 फरवरी एवं 1 मार्च को ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत एवं महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित इस होली मेले में प्राकृतिक तत्वों से बना हर्बल गुलाल, होली पूजन सामग्री, स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन, घरेलू सजावटी सामान, बाग़ प्रिंट (धार) के वस्त्र, झाबुआ के पारम्परिक सजावटी सामान, निमाड़ के विशेष व्यंजन आदि की उपलब्धता रहेगी।

## जनगणना के लिए जिले में व्यापक तैयारियां, निगम के झोनल और अन्य अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कल कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जनगणना से जुड़े नगर निगम के झोनल और अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर कलेक्टर निशा डामोर, अपर आयुक्त नरेन्द्र पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। यह प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय के नमित यादव और सूरज बड़गे द्वारा दिया गया।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आगामी दिनों में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाना है। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के आदेश के तहत राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संभागीय पेंशन अधिकारी प्रगति जैन ने बताया कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु इंदौर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 एवं 6 मार्च को निर्धारित समयानुसार ई-दक्ष केन्द्र, सेटेलाइट भवन इंदौर पर आयोजित किया गया है। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पेंशन प्रकरण संबंधित कार्य करने वाले शासकीय सेवक के साथ नियत दिनांक को प्रशिक्षण हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालयवार अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित किया गया है।

## आरआर केट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कल मनेगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ.सी.वी. रमन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र आरआरकेट इंदौर में कल 28 फरवरी और 01 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर इंदौर और उसके आसपास के लगभग सवा सौ स्कूलों और कॉलेजों के दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को आरआरकेट का भ्रमण कराया जाएगा। वैज्ञानिक उन्नत प्रौद्योगिकियों, वर्किंग मॉडल और प्रयोगशाला सुविधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना है। उद्घाटन सत्र 28 फरवरी को सुबह 8:45 बजे कन्वेंशन सेंटर आरआरकेट में आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से आरआरकेट परिसर में प्रवेश पूर्णतः अग्रिम अनुमति द्वारा ही दिया जाता है। यह नियम सभी मीडिया कर्मियों और उनके कैमरा उपकरणों पर भी लागू होते है। प्रवेश पास की व्यवस्था करने और सुगम स्वागत सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम से पूर्व अपनी उपस्थिति की पुष्टि और टीम का विवरण हैं्रुदन.गह पर भेजें जा सकते हैं।



## निशा पंडित को गौरव अलंकरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मातृभाषा उन्नयन संस्थान ने प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत काव्य गौरव अलंकरण समारोह माथुर सभागृह में कवयित्री निशा पंडित जोशी को गौरव अलंकरण से सम्मानित किया। विष्णु सदाशिव कोकजे, प्रो. राकेश सिंघई, प्रो. संजय द्विवेदी, नितेश गुप्ता, डॉ. नीना जोशी, पारस बिरला, राजेश यादव, विलास राणे, मणिमाला शर्मा, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, श्याम कामले, अखिलेश राव सहित अन्य मौजूद थे।

# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों के लिए तम्बाकू पर हुई सार्थक चर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में आज सुबह एचसीजी सेंटर से जुड़े डॉ. सुनीत लोकवानी ने अपने अनुभव को विद्यार्थियों के बीच सांझा किया। तम्बाकू खाने से स्वास्थ्य पर क्या असर होता है उसके कितने नुकसान होते हैं उसकी विस्तृत जानकारी बेबाकी से दी। विद्यार्थियों ने कई प्रश्न भी किए, जिसका जवाब भी दिया गया। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर एवं अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे।





## बार एसोसिएशन पदाधिकारियों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के सम्मान का आयोजन किया गया। अधिवक्ता पदाधिकारी मनीष यादव, अभिषेक तुगनावत, मनीष गडकर, अमित राज, राहुल पांचाल, तेजस जैन, पवन मालवीय, रस्मेद सूर्यवंशी, अर्णिक जैन का सम्मान किया। वरिष्ठ अभिभाषक अमरसिंह राठौर, दिलीप राजपाल, एलएल यादव, अभिजीत राठौर, महेश सोनगरा, डॉ. मनजीत कौर राजपाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान का आयोजन हुआ। संचालन एडवोकेट राजेश गोगले और मानसी खंडेलवाल ने किया। गीत-संगीत का आयोजन भी किया गया।

## सिंधु दर्पण पत्रिका का विमोचन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधु मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और सिंधु दर्पण पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम रविवार 1 मार्च की शाम 6 बजे प्रीतम लाल दुआ सभागृह में आयोजित किया गया है। डॉ.जयकुमार परियानी, डॉ. के.रायसिंघानी, डॉ. मनीष बजाज ने बताया कि अतिथि डॉ बी एम शरणागत रहेंगे।

## केश शिल्पी सम्मान समारोह होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर बारबर एसोसिएशन के अशोक वर्मा, मुकेश सेन, राजेश सेन राम, लक्ष्मण सेन, केनी सेन, जितेन्द्र वर्मा, जगदीश वर्मा, रामअवतार सेन, हरीश सैन लेमन, मनीष परमार, अमित चौहान, नरेन्द्र निर्देवाल, राजेन्द्र सेन, राजकुमार सेनिवाल, विनोद श्रीवास, राजू मालवीय, डॉ. अशोक वर्मा की टीम मिलकर वर्षों से समर्पण भाव से केशशिल्पी कार्य कर रहे आदर्श केशशिल्पियों के सम्मान का आयोजन करेगा। पदाधिकारियों का कहना है कि नई पीढ़ी के लिए यह सम्मान प्रेरणादायी होगा क्योंकि कुछ युवा अपने पारम्पारिक और जिम्मेदारी से दूर हो रहे हैं। इसलिए वरिष्ठ केशशिल्पियों का सम्मान अब युवाओं के लिए आदर्श साबित होगा, जिससे युवा केशशिल्पी कार्य को गर्व और समर्पण व जिम्मेदारी के साथ कर सके। उक्त जानकारी अध्यक्ष राजेश सेन राम ने दी।

## पितरेश्वर हनुमानजी को लगेंगे छप्पन भोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमान धाम पर 28 फरवरी को वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत छप्पन भोग, महाआरती का आयोजन होगा। पितरेश्वर हनुमान मां अंजना की रसोई में विराजेंगे। शाम 4:00 बजे से भक्तों को हनुमान जी के अलौकिक स्वरूप में दर्शन होंगे। गायक कलाकार फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## हेलमेट जागरूकता आयोजन में कमिश्नर रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह ने 3500 से ज्यादा हेलमेट वितरण आयोजन में खुद ने 21 हेलमेट वितरण पलासिया चौराहा पर कर जागरूकता दिखाई। वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे। जिन वाहन चालकों ने हेलमेट लगा रखे थे उनकी तारीफ भी की गई।



## लीनेस क्लब की रही कृष्ण भक्ति में मौजूदगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मांगलिक भवन गुमाश्ता नगर में भागवत कथा का आयोजन न्यू गौसेवा महिला मंडल करवा रहा है, जो कल शनिवार तक जारी रहेगी। कल गुरुवार को लीनेस क्लब तेजस्विनी की डायरेक्टर सुशीला मूंगड़ और अध्यक्ष इति जैन क्लब के अन्य सदस्यों के साथ मांगलिक भवन पहुंचकर वहां व्यासपीठ का पूजन किया गया। छप्पन भोग दर्शन का भी लाभ लिया, कीर्तन पर नृत्य भी किया गया। कथा का रसपान भी किया गया।







## लक्ष्मी वेंकटेश के भक्तों ने देर रात तक भगवान के सामने खेली होली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में कल फाग उत्सव मनाया गया। भजन गायक द्वारका मंत्री ने एक के बाद एक फाग कीर्तनों पर जमकर रंग जमाया। दूसरी तरफ भक्तों के लिए रंग बिरंगी गुलाल, टेसू के कलर, गुलाब जल, इत्र की व्यवस्था की गई थी। भगवान के सामने भगवान के भक्त होली खेलते रहे और कीर्तन पर नृत्य करते रहे। पंकज तोतला ने बताया कि भक्तों के बीच जमकर फाग गीतों के साथ होली चलती रही। श्रद्धालुओं ने ठंडाई प्रसाद का लुत्फ भी लिया। स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज से आशीर्वाद भी लिया।

## कॉलेज के मित्रों का मिलन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कॉलेज के जीएससी फ्रेंड सर्कल ने स्प्रिंग गेट टू गेदर किया। पुराने छात्रों का मिलन हुआ। 50 साल पुराने दोस्तों ने गीत, भजन, नृत्य का आयोजन किया। अनुपम अनिल भटेवरा, सुप्रिया नरेश कोठारी, प्रेरणा दिनेश गोयल, रेखा अनिल जौहरी, सीता सुरेंद्र बंसल, चंद्रा विमल प्रजापत, मनीषा केदार शर्मा, किरण सतीश शर्मा, रोहिणी नितिन तारे, अल्पना उमेश दवे, प्रदीप जौहरी, अनिल व्यास, अनिल बाहेती, अनिल जौहरी, दिनेश गोयल मौजूद थे।






## शिक्षाविद खोखर का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 31 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देने वाले डॉ. अहमद खोखर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कई रिटायर्ड अधिकारी और एमपी, पीएससी के शाहिद खान भी मौजूद रहे।

## कल गोवर्धन पूजा उत्सव हुआ, आज रुकमणि विवाह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में चल रहे मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ में कल धरावराधाम आश्रम धार रोड पर आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर ने गोवर्धन पूजा का चित्रण किया, उत्सव मनाया गया। आज दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रुकमणि विवाह का आयोजन किया जाएगा। श्रीकांत शर्मा, रेखा शर्मा,नानूराम चौधरी, ललित अग्रवाल, रमेश मिश्रा, अशोक कुमावत, दिनेश गर्ग, गोविन्द मंगल, सुरेश चौपडा, सीताराम नरेडी सहित अन्य मौजूद थे।

## ब्रोकर्स एसोसिएशन करेगा फाग उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर रियल इस्टेट ब्रोकर एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष भी फाग उत्सव का आयोजन 28 फरवरी शनिवार की शाम 7 बजे से नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर किया जाएगा। संस्था के नरेन्द्र जैन भटेवरा, पीयूष वाजपेयी, प्रकाश राठी, अनिल शर्मा ने बताया कि फाग उत्सव की शुरुआत में ठण्डाई का वितरण होगा, फाग गीतों पर प्रस्तुति दी जाएगी, भोजन का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन से कपिल शर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, सत्यनारायण प्रजापति, एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी, अशोक रुपावत, अभिषेक शर्मा, अजय व्यास, अभय जैन, सचिन जैन, भूपेश गुप्ता, तेजकुमार पाटोदी, अजय सोनी, अशोक बंसल, कमलेश कोठारी, दीपक नागर, तपन बड़जात्या, आनंद लखोटिया, दिनेश गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मौर्य, रुपेश दवे सहित अन्य जुडे हुए है।

## फागुनी उत्सव और काव्य समारोह होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पत्र लेखक मंच का फागुनी उत्सव और काव्य समारोह आगामी 2 मार्च को मालवा मिल प्रेस सभागार में शाम 5 बजे आयोजित होगा।आयोजन से दिनेश तिवारी, मनीष दवे, सदाशिव कौतूक,डॉ. ओपी जोशी, डॉ. अखिलेष राव, प्रवीण चौधरी, सुशील कलमेरी, आशिक हुसैन देवासवाला और राजेश नीमा अपनी भूमिका निभाएंगे।

## पंचदेव मंदिर पर कंडों से होगा होली का दहन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी के मुख्य पुजारी पंडित रमा दीदी ने बताया कि 2 मार्च को होली का निर्माण गाय के गोबर कंडों से किया जाएगा। इन कंडों को होली का स्वरूप देने का काम शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर गणेश चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, बाबूलाल चौधरी, निशा रुपेश देवलिया, सत्येन्द्र चौहान पम्पू मौजूद थे।

# वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आयुष विंग जिला चिकित्सालय एवं शासकीय होम्योपैथी औषधालय सुदामा नगर द्वारा अमरलाल सेवा ट्रस्ट परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठजनों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नियमित योग अभ्यास के साथ हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप सरल एवं प्रभावी योगाभ्यास कराए गए। योग विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग शरीर को सशक्त बनाने के साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संवर्धन करता है। डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. बख्त्यार अशरफी ने मार्गदर्शन दिया। डॉ. रचना रघुवंशी, कांजीलाल दामके, जयंत जायसवाल, प्रेम ठाकुर, प्रदीप शर्मा, प्रकाश मसानिया, मदनलाल सहित अन्य मौजूद थे।





## खाटू श्याम बाबा के कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यादवनंद नगर क्षेत्र में खाटू श्याम फाग उत्सव का आयोजन मातृशक्ति मंडल के तत्वावधान में किया गया। खाटू श्याम बाबा के कीर्तन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने भी शिरकत की। बाबा का दरबार भी सजाया। पिंकी सैनी, गोलू सेनी, सनी तिवारी ,गोविंद पवार, मुन्ना साहू, जितेंद्र विश्वकर्मा, कृष्ण वर्मा, प्रेम साहू, वर्षा शर्मा गीतांजलि, रीता प्रजापत, लता मानकर, बेबी दबंडे मौजूद थे।

## साइबर यात्रा के माध्यम से युवाओं को डिजिटल सुरक्षा का संदेश




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं के बीच युवाओं को जागरूक एवं सतर्क बनाने के उद्देश्य से प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (यूजी कैंपस), डिम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र 'साइबर यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर खतरों के प्रति संवेदनशील बनाना और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। यह सत्र जीतो लेडीज विंग एपेक्स द्वारा अपनी सामाजिक पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया। सेशन को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय स्तर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ गौरव रावल ने छात्रों को फिशिंग अटैक, ओटीपी फ्रॉड, डेटा चोरी, सोशल मीडिया दुरुपयोग, पासवर्ड सुरक्षा और सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन जैसे विषयों पर व्यावहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. चेतन नागर, डॉ. मनीषा भटनागर, प्रियंका जैन, रीना जैन मौजूद थे।

## निशान यात्रा का आयोजन

*आज शाम श्रृंगार ज्योत दर्शन और महाआरती*

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर पर तीन दिवसीय फाग महोत्सव के पहले दिन कल बड़ा गणपति से अंबिकापुरी खाटू श्याम धाम तक निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान का पूजन श्रद्धालुओं ने किया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। खाटू श्याम बाबा के भजन कीर्तन भी किए गए, जयकारे भी लगे, रथ पर खाटू श्याम बाबा के दर्शन होते रहे। नीलू बाबा ने बताया कि आज दोपहर महिलाओं द्वारा भजन होंगे। शाम 5 बजे श्रृंगार दर्शन और 7.30 बजे ज्योत दर्शन होगे, महाआरती भी आज रात की जाएगी, कल शनिवार सुबह 8 बजे खाटू श्याम महायज्ञ की पूर्णाहुति, प्रातः 11:30 बजे बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन, सायंकाल 7:30 बजे बाबा की महाआरती एवं तत्पश्चात भजन संध्या व चलित भंडारे का आयोजन होगा।



## दो संतों का होगा नाकोड़ा मंदिर में मंगल प्रवेश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्टी भूपेन्द्र जैन, अध्यक्षभ सुरेन्द्र छाजेड और सुधीर सेठिया ने बताया कि 28 फरवरी सुबह 9.30 बजे मुनि आगम और ब्रज रत्न सागर म.सा. का मंगल प्रवेश मंदिर में होगा। सीमंदर स्वामी मंदिर गुमाश्ता नगर से संत और श्रद्धालु जैन समाजजन नाकोड़ा मंदिर में मंगल प्रवेश करेंगे। संतों के प्रवचन भी होंगे। सीमंधर स्वामी मंदिर पर नवकारसी भी होगी। मंगल प्रवेश के दौरान श्वेताम्बर जैन समाज का मातृशक्तियां भी कलश लेकर चलेंगी। जूलूस में बैण्डबाजे के साथ ढोलक भी रहेंगे, जैन भजन पर नृत्य भी किया जाएगा। भूपेन्द्र जैन, सुरेन्द्र छाजेड़, सुधीर सेठिया, अमृतलाल जैन, प्रवीण जैन, अभय कटारिया पूरी व्यवस्था देख रहे हैं।



## महादेव मंदिर में महिलाओं ने किया होली भजन आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अन्नपूर्णा रोड रिवेन्यू नगर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मातृशक्तियों ने होली भजन का आयोजन किया गया। फाग भजन कीर्तन पर राधाकृष्ण गीतों की प्रस्तुतिदी। मीणा सोनी, ममता रुपेश अग्रवाल, मधुबाला सोनी,रजनी भवरु, सुशीला सोनी,गणेश सोनी के साथ महेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

## मजदूर संघ ने किया धरना प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय मजदूर संघ इंदौर के तत्वावधान में देशव्यापी विरोध दिवस के अंतर्गत धरना-प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली और नारेबाजी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और वहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से श्रमिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से रखा गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी, संबद्ध यूनियनों एवं महासंघों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधु तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों की उल्लेखनीय उपस्थिति थे। मुरारी राठौर, हेमराज जारवाल, राजकुमार गोयल सहित अन्य मौजूद थे।




D-11212/25
अमर बलिदान को नमन
जनजातीय अस्मिता का वंदन
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
महान देशभक्त, अमर सेनानी
चंद्रशेखर आज़ाद
के शौर्य और शहादत को समर्पित
आज़ाद स्मृति समारोह
शुभारंभ
चंद्रशेखर आज़ाद नगर
लोक संस्कृति की
शाश्वत परंपराओं का प्रतीक
भगोरिया उत्सव
उदयगढ़
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
27 फरवरी, 2026
आलीराजपुर
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP

## संपादकीय

### भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत; फिल्म, बयान और विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट का सख्त संदेश

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है। अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है। इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए। जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है। दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा। सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सद्भावना और आपसी भाईचारा देश के संविधान के बुनियादी उद्देश्यों में से एक है। अनुच्छेद 51ए(ई) के तहत हर नागरिक का यह बुनियादी कर्तव्य है कि वह धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं की सीमा से अलग होकर नागरिकों के बीच सद्भावना और सहयोग को बढ़ावा दे। मगर धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर अगर किसी व्यक्ति या समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो यह संविधान और मानवीय मूल्यों का विरुद्ध है।

# कार पर थूका, विरोध किया तो बेसबॉल बैट से पीटा

**इंदौर। लसूड़िया** थाना क्षेत्र में बाइक सवार दबंगों ने एक कार सवार युवक पर थूकने के बाद उसे घेरकर पीटा और उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम कलारिया धार रोड निवासी राजेश पिता माखनलाल चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने बताया कि वह सिक्का पब्लिक स्कूल के पास स्कीम नं. 78 से गुजर रहे थे तभी एक मोटरसाइकिल चालक अपनी बाइक लहराते हुए आया और उनकी कार के बोनट पर थूक दिया। जब राजेश ने इसका विरोध किया और शांति से गाड़ी चलाने को कहा, तो बाइक सवार और उसके साथी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद के दौरान ही आरोपियों ने बेसबॉल बैट से राजेश पर हमला कर दिया। इसी बीच एक अन्य मोटरसाइकिल पर दो और युवक मौके पर पहुँच गए। चारों बदमाशों ने राजेश को घेर लिया और जबरन शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। राजेश द्वारा पैसे न होने की बात कहने पर चारों और उत्तेजित हो गए और उन्होंने राजेश की कार की हेडलाइट, कांच और अन्य हिस्सों में तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुँचाया।मारपीट में राजेश के बाएं पैर, गाल और बाएं हाथ की कलाई पर गंभीर चोटें आई हैं। भीड़ जमा होती देख आरोपी जाते-जाते धमकी दे गए कि अगर पैसे नहीं दिए तो जान से मार देंगे। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अवैध वसूली और तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान हो सके।

# निगम ने तीन जगह किया एक लाख का फाइन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





नगर निगम की टीम ने शहर के मध्य झोन 20 वार्ड 8 पर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर भारतीय प्लास्टिक और रिद्धि सिद्धि प्लास्टिक पर कार्रवाई की। 80 किलो प्लास्टिक जब्त कर एक संस्था पर 25 हजार और दूसरी पर 50 हजार का स्पाट फाइन किया गया। वहीं पश्चिमी क्षेत्र के झोन 15 वार्ड 83 में निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फूटीकोठी चौराहा के समीप पिज्जा हट का निरीक्षण किया। इस दुकान के आसपास और तलघर में कचरा पाया गया। निगम की टीम स्पॉट फाइन करना चाह रही थी और पिज्जा हट के मैनेजर ने चालानी कार्रवाई नहीं करने दी। इस पर निगम की टीम ने एआरओ सुरेन्द्र लोट की टीम को बुलाकर दुकान को सील किया। दुकान दो घंटे तक सील रही, आखिरकार मैनेजर ने कहा कि चालानी कार्रवाई कर दो, तब निगम की टीम ने 25 हजार की चालानी कार्रवाई कर दी और सील की गई दुकान का ताला खोला गया।

# गैस रिसाव से घर में भड़की आग

## भोजन कर रहे एक ही परिवार के 5 सदस्य गंभीर रूप से झुलसे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मूसाखेड़ी क्षेत्र के किराई मोहल्ला में बीती दोपहर गैस लीकेज के कारण आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा उस समय हुआ जब परिवार के सदस्य दोपहर का भोजन कर रहे थे। घर में अंकित, रोहित, राजेश और उनके भांजे-भांजी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि रसोई में अचानक गैस रिसाव हुआ और चूल्हे की लौ के संपर्क में आते ही आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटों ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगने की खबर से घर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के रहवासियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आनन-फानन में घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

## जब दीप जले आना संगीत कार्यक्रम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अभिनव कला समाज में जब दीप जले आना गीत-संगीत कार्यक्रम संगीतकार रविन्द्र जैन और ओपी गोयल की स्मृति में किया गया। गायक वर्षा झालानी, अन्नू शर्मा, अर्पिता बोबडे, मनीष शुक्ला, पल्लवी सिंह ने प्रस्तुतियां दीं। संगत दीपेश जैन, राजेश गुड्डू मिश्रा, बबला गजभिए, रिदम मिश्रा ने की। संस्था अग्र मंच के आशीष गोयल, दीपिका गोयल ने बताया कि राजेश बंसल, महेश मित्तल एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, गोलू शुक्ला का भी स्वागत किया गया।



## इंदौर की कुक्की मिस्त्री तमिलनाडु में ले रही है कुश्ती में भाग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तमिलनाडु में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेन्टर की निधिका मिस्त्री पाल उर्फ कुक्की इस राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 58 किलोग्राम वजन में शिरकत कर रही है। दो दिन पहले वह शैलम शहर के लिए रवाना हुई थी।

## पड़ोसी ने किया तलवार से हमला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** अन्नपूर्णा क्षेत्र के घनश्यामदास नगर में आज सुबह दो पड़ोसियों के बीच पुराने विवाद में खूनी संघर्ष हो गया। गुस्से में पड़ोसी ने जितेंद्र उर्फ जीतू पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे जितेंद्र की एक उंगली कट गई। पुलिस ने घायल को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है और मामले की जांच कर रही है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 158200 | 160140 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 266500 | 266250 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# चोरों के धावे... फ्लैट से लाखों का माल उड़ाया, मंदिर की दानपेटी तोड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर और ग्रामीण इलाकों में बीती रात चोरी की तीन बड़ी वारदातें सामने आई हैं। चोरों ने मनोरमागंज में एक सूने फ्लैट से लाखों के जेवर, सांवेर के प्रसिद्ध मंदिर की दानपेटी और ग्राम बंजारी में एक रहवासी को निशाना बनाया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

मनोरमागंज स्थित 'आश्रय अपार्टमेंट' में रहने वाली मालविका मुखर्जी के सूने फ्लैट को चोरों ने निशाना बनाया। मालविका जब घर लौटीं, तो दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। चोरों ने अलमारी से सोने की चेन, झुमके, लटकन, इयररिंग्स, ब्रेसलेट, मोती का सेट, चूड़ियाँ और मां लक्ष्मी की सोने की मूर्ति चुरा ली। इसके अलावा ड्राइंग रूम से कीमती फोन, इयरपॉड्स, 3 हजार रुपये नगद, एयरटेल राउटर और एक बैग भी पार कर दिया। संयोगितागंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रसिद्ध उल्टे हनुमान मंदिर की दानपेटी फोड़ी

सांवेर के सुप्रसिद्ध उल्टे हनुमान मंदिर में भी चोरी की वारदात हुई। मंदिर के पुजारी नवीन व्यास जब सुबह 7 बजे पूजा के लिए पहुँचे, तो मुख्य गेट के नकूचे टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ था और सारा चढ़ावा गायब था। पुजारी के अनुसार, दो दिन पहले ही दानपेटी खोली गई थी, जिसके कारण बड़ी रकम बच गई, फिर भी चोर करीब 5 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। चोरी की एक अन्य वारदात ग्राम बंजारी चौपाटी के पास हुई। यहाँ इसरार पटेल के घर से बदमाश नगदी, बैंक के जरूरी कागजात और सोने की एक इस्तेमाल की हुई अंगूठी चुरा ले गए। पुलिस ने इस मामले में भी प्रकरण दर्ज किया है।सभी मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। मनोरमागंज मामले में पुलिस को अंदेशा है कि किसी ने रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया है। सांवेर पुलिस ने भी संदिग्धों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

# अभा पुलिस शूटिंग खेल चैम्पियनशिप में आईटीबीटी, सीआरपीएफ का दबदबा



**इंदौर।** 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग खेल चैम्पियनशिप -2025 का आयोजन सीएसडब्ल्यूटी बीएसएफ इंदौर द्वारा रेवती रेंज, बीएसएफ इंदौर में किया जा रहा है। दूसरे दिन हुए मुकाबलों के विजेताओं को रेवती रेंज पर पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तेजिंदर पाल सिंह सिद्धू, महानिरीक्षक, सीएसडब्ल्यूटी बीएसएफ रहे। उन्होंने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए।

.22 स्टैंडर्ड पिस्टल 50 मीटर पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण – आईटीबीटी के सुरेश सांखला, रजत पदक बीएसएफ के चंद्रा राज तथा कांस्य सीआरपीएफ के धीरेंद्र सिंह ने हासिल किया।

.22 स्टैंडर्ड पिस्टल 50 मीटर पुरुष टीम में स्वर्ण सीआरपीएफ के धीरेंद्र सिंह, अंकित फोगाट, इंस्पेक्टर अजय कुमार ने अपने नाम किया। वहीं रजत पदक राजस्थान पुलिस ने जीता। टीम में ओम प्रकाश मिथरवाल, ऋषिकांत कुमार, पवन कुमार शर्मा थे। कांस्य पदक कांस्य एसएसबी के परवीन कुमार, गौरव डागर, सारंग चौहान ने जीता।

.177 एयर राइफल 10 मीटर महिला व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक पंजाब पुलिस की अंजुम मौदगिल, रजत सीआईएसएफ की स्नेहा तथा कांस्य सीआरपीएफ की पूनम देवी ने हासिल किया।

.177 एयर राइफल 10 मीटर महिला टीम में स्वर्ण पदक असम राइफल्स ने जीता। टीम में कंतारिया पायल बेन, प्रवीण कुमारी, प्रियांश्री शामिल रही। रजत पदक सीआईएसएफ टीम ने जीता। जिसमें किरण बिश्नोई, मीनाक्षी मीणा, स्नेहा शामिल रही। वहीं कांस्य पदक पंजाब पुलिस ने जीता। टीम में गुरमीत कौर, अंजुम मौदगिल, बलजीत कौर थीं।

.22 स्टैंडर्ड पिस्टल 25 मीटर पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक सीआईएसएफ के समरेश जंग, रजत आईटीबीपी के ऊ शांतनु पुंडीर तथा कांस्य सीआईएसएफ के अनिरुद्ध सिंह राणा ने जीता। .22 स्टैंडर्ड पिस्टल 25 मीटर पुरुष टीम में स्वर्ण सीआईएसएफ ने हासिल किया। जिसमें उदित जोशी, अनिरुद्ध सिंह, समरेश जंग शामिल रहे। रजत पदक पंजाब पुलिस ने जीता। टीम में प्रभजीत सिंह, बलजीत सिंह, अक्षय जैन थे। वहीं कांस्य पदक एसएसबी ने जीता। टीम में अनिल सिंह, सारंग चौहान, उत्तम गांधार शामिल थे।



## कम उम्र वाले अली ने जीते पदक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 4 वर्ष के नर्सरी के छात्र कराटे खिलाड़ी सैयद अबुजर अली ने मध्यप्रदेश राज्य रेनबुकान कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उन्होंने काता और कुमिते दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया। इन्होंने अपने कोच मास्टर सईद आलम से कराटे के साथ सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी लिया।

## थाना परिसर में हुई त्योहार के मद्देनजर बैठक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रमजान पर्व चल रहा है, वहीं होली और रंगपंचमी का पर्व आना है उसी के मद्देनजर तिलक नगर थाना परिसर में नगर सुरक्षा समिति, होलिका दहन के आयोजकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बैठक पुलिस अधिकारी कुंदन मंडलोई, मनीष लोधा की मौजूदगी में की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। राजेश जैन, चन्द्रशेखर पाल ने भी अपनी भूमिका निभाई। यह तय हुआ कि त्योहार पर प्रमुख चौराहों पर पुलिस मौजूद रहेगी।

## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक 30 मार्च को

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज से जुड़े राजेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक 30 मार्च को ही मनाया जाएगा, जबकि सरकारी कैलेण्डर में 31 मार्च को महावीर जयंती बताई गई है। समाज 30 मार्च को ही भगवान का जन्म कल्याणक मनाएंगे।

## बड़ोले की पुण्यतिथि पर सेवा आयोजन



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मोमिनपुरा में संगीता बड़ोले की प्रथम पुण्यतिथि सेवा कार्य के अन्तर्गत जरूरतमंदों को भोजन करवाया। अंकित बड़ोले, अशोक बड़ोले, दिलीप बड़ोले, अंकुश बड़ोले, दिव्यांश बड़ोले एवं परिवार की मातृशक्तियों भी मौजूद रही, निकट के लोगों ने भी सेवा कार्य में अपनी भूमिका निभाई।

# ताईक्वांडो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय ताइक्वांडों (पुरुष-महिला वर्ग) प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन गवर्नमेंट पीजी कॉलेज धार द्वारा आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के छात्र अक्षत जूनी 68 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं आज्ञा सोलंकी ने 46 किग्रा वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों का इंटर यूनीवर्सिटी (ऑल इंडिया) में चयन हुआ।

इस अवसर पर प्रबंधक वर्ग के चेयरमैन अरविंद गुप्ता एवं सचिव महेश चिमनानी द्वारा इस शानदार सफलता पर बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी.एस. राणा ने भी छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

## इन्दौर कोल्ट्स की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में एसबीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसबीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर कोल्ट्स एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते





हुए 17 ओवरो में सभी विकेट खोकर 77 रन बनाये। जयंत गुर्जर ने मात्र 5 रन देकर 4 विकेट चटकाये। जवाब में इंदौर कोल्ट्स की टीम ने 8 ओवरो में 3 विकेट खोकर 79 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से शानदार तरिके से जीत लिया। मनन मेहता ने नाबाद आक्रामक 42 रन बनाय।

**श्रीराम स्पोर्ट्स की रोमांचक जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोटस एवं एनसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाये। वेदांत पाटील ने 3 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स ने 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 121 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया। धर्मेश पटेल ने 34 रन बनाये।



**महू स्पोर्ट्स की आसान जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच महू स्पोर्ट्स एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें महू स्पोटस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 3 विकेट पर 157 रन बनाये। दीपांशु राजपुत ने 52 रन बनाये। जवाब में एलएसजीसीए की टीम 19 ओवरो में 96 रनों पर सिमट गई और यह मैच 61 रनों से हार गई।



# नकबजनी का खुलासा, 1.45 लाख के जेवर के साथ आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** बेटमा पुलिस ने जीवन ज्योति कॉलोनी में हुई नकबजनी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 45 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि निहाल ठाकुर नामक युवक चोरी के जेवर बेचने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने निहाल ठाकुर पिता नेपालसिंह ठाकुर निवासी काली बिल्लोद, थाना बेटमा को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में आरोपी ने जीवन ज्योति कॉलोनी में नकबजनी की वारदात कबूल कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी निहाल के साथी सौरभ पिता राम लोचन पटेल निवासी प्रभातम कॉलोनी को भी मामले में आरोपी बनाया है, जो फिलहाल फरार है। पुलिस फरार आरोपी सौरभ की तलाश कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही उसकी गिरफ्तारी के बाद और भी चोरियों का खुलासा हो सकता है।

## शांति कमेटी की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** द्वारकापुरी पुलिस में चल रहे रमजान पर्व और आगामी होली-रंगपंचमी पर्व को देखते हुए शांति कमेटी की बैठक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई। पुलिस अधिकारी मनीष मिश्र ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।




**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अंकित जैन पिता राजेश जैन** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001069833 पता 56 शक्ति नगर पिपल्याहाना इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती प्रियंका रावका पति विकास रावका** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 1325 सुदामा नगर सेक्टर डी इन्दौर पिन नं. 1001228803 का भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# भारत ने रचा इतिहास

## बना दिया टी-20 विश्व कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर




**चेन्नई ।** टी-20 विश्व कप में 256 रनों का स्कोर बनाकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। चेन्नई के मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को पीछे किया है। इतना ही नहीं, वह श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ते-तोड़ते रह गई।

टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के अहम मुकाबले में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ इतिहास रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाए और टी-20 विश्व कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बना दिया। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के सबसे बड़े टोटल तक पहुंचने से सिर्फ 4 रनों से चूक गई।

टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है, जो उन्होंने साल 2007 के विश्व कप में केन्या के खिलाफ बनाया था। श्रीलंका की टीम ने तब 260 रनों का स्कोर खड़ा किया था, जिसके करीब आज टीम इंडिया पहुंची लेकिन चार रनों से चूक गई। हालांकि, भारतीय टीम ने 256 रनों के स्कोर के साथ टी-20 विश्व कप के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाने वाली टीम जरूर बन गई है और इस कीर्तिमान के साथ रिकॉर्ड बुक को उलट-पलट कर दिया है।

भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के उस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है, जो उन्होंने 23 फरवरी 2026 को यानी तीन पहले ही जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था और 254 रनों का स्कोर खड़ा किया था। भारतीय टीम ने तीन दिन बाद ही इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है और आगे निकल गई है। टीम इंडिया ने गुरुवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 के मुकाबले में 256 रन बनाकर वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया।

टी-20 विश्व कप के इतिहास में चौथा सबसे बड़ा टोटल बनाने का कारनामा आयरलैंड ने साल 2026 के विश्व कप में किया, जब उन्होंने ओमान के खिलाफ कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 5 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 235 रनों का टोटल खड़ा कर दिया। इस सूची में पांचवें नंबर पर इंग्लैंड है। इंग्लिश टीम ने साल 2016 के विश्व कप में 5 दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19.4 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाए थे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड चेज किया था। सूची में 6वां सबसे बड़ा टोटल भी इसी मैच का है, जब मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 2016 के विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 229 रन बनाए थे। हालांकि, इंग्लैंड की टीम ने 19.4 ओवर में ही 230 रन बनाकर इस टारगेट को चेज कर दिया था।

### टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा टोटल बनाने वाली टॉप-6 टीमें

*1. श्रीलंका (2007 विश्व कप) 260/6 बनाम केन्या*
*2. भारत (2026 विश्व कप) 256/4 बनाम जिम्बाब्वे*
*3. वेस्टइंडीज (2026 विश्व कप) 254/6 बनाम जिम्बाब्वे*
*4. आयरलैंड (2026 विश्व कप) 235/5 बनाम ओमान*
*5. इंग्लैंड (2016 टी-20 विश्व कप) 230/8 बनाम साउथ अफ्रीका*
*6.साउथ अफ्रीका (2016 विश्व कप) 229/4 बनाम इंग्लैंड*

# वेस्टइंडीज को हराकर ही कटेगा इंडिया का सेमीफाइनल टिकट

## रविवार को 'करो या मरो' वाला मैच

**चेन्नई ।** जिम्बाब्वे पर धमाकेदार जीत के बाद टीम इंडिया का सेमीफाइनल समीकरण एकदम साफ है। 1 मार्च को भारत और वेस्टइंडीज के बीच वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को सुपर-8 के अपने दूसरे मुकाबले में 72 रनों से रौंदा। टीम इंडिया की इस धमाकेदार जीत ने जिम्बाब्वे को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर कर दिया है, वहीं खुद की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 256 रन बोर्ड पर लगाए। यह टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा और टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या ने इस दौरान अर्धशतक जड़ा। 257 के टारगेट का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 184 ही रन बना पाई।

आईए जिम्बाब्वे पर जीत के बाद टीम इंडिया के सेमीफाइनल समीकरण पर एक नजर डालते हैं-




### भारत और वेस्टइंडीज के बीच होगा वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल

इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे से पहले सुपर-8 में साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला हुआ था। इस मैच में अफ्रीकी टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से धूल चटाकर भारत की सेमीफाइनल की राह आसान कर दी थी। दरअसल, वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को सुपर-8 में 100 से अधिक रनों से हराकर नेट रन रेट में तगड़ा इजाफा किया था। वहीं साउथ अफ्रीका से हारकर टीम इंडिया के नेट रन रेट को नुकसान हुआ था। अगर वेस्टइंडीज साउथ अफ्रीका को हरा देता तो भारत के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती थी, क्योंकि टीम इंडिया का नेट रन रेट काफी खराब था।

मगर अब ऐसा कुछ नहीं है। भारत की जीत के बाद साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। वहीं भारत और वेस्टइंडीज 2-2 पॉइंट्स के साथ क्रमशः तीसरे और दूसरे पायदान पर है। वेस्टइंडीज का नेट रन रेट ₹1.791 का है, जबकि भारत का -0.100 का।

हालांकि अब भारत को नेट रन रेट की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत और वेस्टइंडीज दोनों में से कोई एक टीम अधिकतम 4 पॉइंट्स तक पहुंच सकती है। 1 मार्च को भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर-8 का मैच खेला जाना है, जो एक तरह से वर्चुअल क्वार्टर फाइनल होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम को ही सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा, वहीं हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

# जिम्बाब्वे को रौंदकर भी कप्तान सूर्यकुमार खुश नहीं

**चेन्नई।** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे को 72 रनों से धूल चटाई। भारत ने चेन्नई के मैदान पर चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारत की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या (नाबाद 50), ओपनर अभिषेक शर्मा (55) और युवा क्रिकेटर तिलक वर्मा (नाबाद 44) ने कमाल की बैटिंग की। सूर्यकुमार ने भी 33 रनों की तूफानी पारी खेली। जवाब में जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 184 रन जुटाए। भारत ने भले ही जिम्बाब्वे को रौंद डाला लेकिन कप्तान सूर्यकुमार के मन में एक कसक रह गई। उन्होंने कहा कि जीत तो जीत है लेकिन भारतीय गेंदबाज और बेहतर प्रदर्शन करते तो अच्छा होता।




सूर्यकुमार ने जिम्बाब्वे मैच के बाद कहा, हम चीजों को पीछे छोड़ना चाहते थे। हमने लीग स्टेज या अहमदाबाद में पिछले मैच में जो किया, उसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा। हमारे वीडियो एनालिस्ट ने सभी बैटर्स और सभी बॉलर्स के लिए स्लाइड बनाई थी, जिसमें हमें समझाया कि बीते समय में क्या अच्छा किया। हमने वो स्लाइड देखी, उससे बहुत पॉजिटिविटी मिली। टॉप से लेकर नंबर सात तक सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया। यह देखकर अच्छा लगा। सूर्या से जब पूछा गया कि टीम क्या और बेहतर कर सकती थी तो उन्होंने कहा, सच कहूं तो हम बॉल के साथ थोड़ा और अच्छा कर सकते। हालांकि, ठीक है। जीत तो जीत है। हम आगे इसका ध्यान रखेंगे।

भारतीय कप्तान ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों की तारीफ की। सूर्या ने कहा, पिच बैटिंग के लिए अच्छी थी लेकिन जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों से इसका श्रेय नहीं लेना चाहता। उन्होंने अच्छी बैटिंग की। उन्होंने पावरप्ले में अपना टाइम लिया और बाद में स्मार्ट तरीके से बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। जिम्बाब्वे के लिए ओपनर ब्रायन बेनेट ने 59 गेंदों में नाबाद 97 रन बनाए। कप्तान सिकंदर रजा ने 21 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया। उन्होंने बेनेट के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रनों की पार्टनरशिप की।




### कप्तान रजा ने टीम की कमियां गिनाईं, कहा हम सीख रहे हैं

**चेन्नई।** टीम इंडिया से टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 में मिली करारी हार के बाद भी कप्तान सिकंदर रजा की हिम्मत नहीं टूटी है। टीम की कमियां उन्होंने जरूर गिनाईं, लेकिन कहा कि हम सीख रहे हैं। जिम्बाब्वे की टीम के कप्तान सिकंदर रजा ने टीम इंडिया से मिली शर्मनाक हार के बाद बताया है कि हमारे लिए इस मैच में कुछ पॉजिटिव चीजें भी हुईं। उन्होंने अपने बल्लेबाजों की तारीफ की, लेकिन गेंदबाज और फील्डर्स को जमकर सुनाया। उन्होंने माना कि टीम वर्क इन प्रोग्रेस है, जो जल्दी इम्प्रूव करने के लिए तैयार है। कप्तान रजा ने ये भी बताया कि हम अपने डिफेंसिव प्लान पर होते तो उन्हें 210-220 पर रोक सकते थे। इंडिया ने 256 रन बनाए थे।

# एडेन मारक्रम ने कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ा, बने दूसरे सबसे बड़े स्कोरर

**नई दिल्ली।** टी - 20 वर्ल्ड कप 2026 अब अपनी पूरी रंगत में है, क्योंकि सेमीफाइनल के लिए दो टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं, जबकि दो टीमें एलिमिनेट हो गई हैं। अब चार टीमें ऐसी हैं, जिनके पास सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका है। टूर्नामेंट में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ी जंग देखने को मिल रही है। इस बीच सबसे ज्यादा चर्चा दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम की हो रही है, जो अपनी टीम को न सिर्फ सेमीफाइनल में पहुंचा चुके हैं, बल्कि एक भी मुकाबला अभी तक हारे नहीं हैं। इतना ही नहीं, बल्ले से भी उन्होंने एक बड़ा व्यक्तिगत कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है।



एडेन मारक्रम अब एक टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित शर्मा ने 2024 के टी20 विश्व कप में 257 रन बनाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर 8 मैच में नाबाद 82 रनों की आतिशी पारी खेलने वाले मारक्रम के इस टूर्नामेंट में कुल रनों की संख्या 264 हो गई है और वे रोहित शर्मा से आगे निकल गए हैं। मारक्रम जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे लग रहा है कि बाबर आजम का रिकॉर्ड भी अब खतरे में है।



# अपोलो हाईस्ट्रीट के NOTCH पब पर पुलिस का छापा

## समय सीमा के बाद बज रहा था तेज डीजे, साउंड सिस्टम ज़ब्त




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के पब और क्लबों में निर्धारित समय सीमा के बाद होने वाले शोर-शराबे पर नकेल कसते हुए लसूड़िया पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्यवाही की है। अपोलो हाईस्ट्रीट स्थित प्रसिद्ध पब NOTCH पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वहां से संगीत उपकरण जब्त किए हैं।**

लसूडिया पुलिस को सूचना मिली थी कि अपोलो हाईस्ट्रीट स्थित NOTCH पब में सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी बेहद उच्च ध्वनि स्तर पर म्यूजिक और डीजे का संचालन किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए लसूड़िया थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पब में नियमों को ताक पर रखकर तेज आवाज़ में लाउड साउंड बजाया जा रहा था, जिससे आसपास के क्षेत्र में कोलाहल हो रहा था। थाना प्रभारी ने कोलाहल अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाही की। पुलिस ने पब संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही, मौके से डीजे कंसोल और पूरा साउंड सिस्टम जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में ध्वनि प्रदूषण और निर्धारित समय सीमा के नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

# घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**एरोड्रम थाना क्षेत्र में देर रात एक घर के बाहर खड़ी कार पर हमला करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने पुरानी रंजिश का बदला लेने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा है।**




पुलिस के मुताबिक, एयरपोर्ट रोड स्थित भोलेनाथ कॉलोनी के निवासी अशोक तंवर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी हुंडई वर्ना कार पर लोहे की रॉड से हमला किया। बदमाशों ने कार के कांच फोड़ दिए और उसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपियों की पहचान रूद्राक्ष और अंशु दोनों निवासी एरोड्रम के रूप में हुई। पूछताछ में यह बात सामने आई कि फरियादी अशोक तंवर का पूर्व में गट्टू उर्फ युवराज बैस नाम के व्यक्ति से विवाद चल रहा था। इसी विवाद का बदला लेने के लिए युवराज ने इन लड़कों को भेजकर कार में तोड़फोड़ करवाई थी।

# अफेयर से मना किया तो बचपन का दोस्त बना दुश्मन

## युवती को फोटो वायरल करने की दी धमकी, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती को झाबुआ के एक युवक द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवती पर प्रेम संबंध रखने का दबाव बना रहा है और बात न मानने पर उसके निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम मयंक बैरागी निवासी झाबुआ है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मयंक को बचपन से जानती है और पहले उनके बीच सामान्य बातचीत होती थी। हालांकि, करीब एक साल पहले जब मयंक ने दोस्ती को अफेयर में बदलने का दबाव बनाना शुरू किया, तो युवती ने उससे दूरी बना ली और बातचीत बंद कर दी।पीड़िता का आरोप है कि बातचीत बंद करने के बावजूद मयंक उसे लगातार फोन कॉल्स और मैसेज के जरिए परेशान कर रहा था। जब युवती ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया और उसका नंबर ब्लॉक करने की कोशिश की, तो आरोपी अपनी असलियत पर उतर आया। उसने युवती को धमकी दी कि 'अगर तुम मुझसे बात नहीं करोगी और अफेयर नहीं रखोगी, तो मेरे पास तुम्हारे जो फोटो हैं, उन्हें वायरल कर बदनाम कर दूंगा।'

# पत्थरबाजी व गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वाले बदमाश को दबोचा

## *पुलिस ने उसी जगह घुटनों पर बिठाकर मंगवाई माफी जहां की थी वारदात*





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर, मल्हारगंज और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों में वाहन तोड़फोड़ कर और पुलिस चौकी पर पत्थरबाजी कर दहशत फैलाने वाले एक सनकी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सिर्फ अपना 'रौब' जमाने के लिए रात भर उपद्रव मचाया था। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी का उसी जगह जुलूस निकाला जहाँ उसने गुंडागर्दी की थी और घुटनों पर बिठाकर माफी मंगवाई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सावन नरवाले निवासी शुल्फाखेड़ी, मल्हारगंज ने 24 फरवरी की रात शराब के नशे में साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया। आरोपी ने राजनगर पुलिस चौकी पर पत्थरबाजी की और तीनों थाना क्षेत्रों में दहशत फैलाते हुए जनता के 7 वाहनों के कांच फोड़ दिए। इस घटना से रहवासियों में डर का माहौल था। चंदन नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से सावन को दबोच लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जनता के बीच डर पैदा करना चाहता था। पुलिस ने उसे सबक सिखाने के लिए उसी क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला जहाँ उसने पत्थरबाजी की थी। वहां आरोपी ने हाथ जोड़कर आम जनता से माफी मांगी। पुलिस की इस कार्यप्रणाली को देख वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगे।इस ऑपरेशन को थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक करोले, उपनिरीक्षक सौरभ कुशवाह, सहायक उपनिरीक्षक निर्मल पाटिल, प्रधान आरक्षक बलराम, प्रदीप और आरक्षक धीरज, अनिल व सुनील की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी सख्ती जारी रहेगी।

# इलाके में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



खजराना पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शहर के विभिन्न थानों में डकैती, लूट और एनडीपीएस एक्ट जैसे 18 संगीन मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि अशरफी नगर निवासी कुख्यात बदमाश शाहरुख उर्फ गोलू जिसे जनवरी माह में 6 महीने के लिए जिलाबदर किया गया था, वह आदेश का उल्लंघन कर नाहरशाह वली दरगाह मैदान में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे राउंडअप कर विधिवत गिरफ्तार कर लिया।आरोपी शाहरुख उर्फ गोलू पिता जब्बार एक शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध खजराना सहित अन्य थानों में मारपीट, एनडीपीएस एक्ट, डकैती, लूट, अड़ीबाजी और आर्म्स एक्ट के लगभग 18 अपराध पंजीबद्ध हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ही उसे जिलाबदर किया गया था। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना खजराना पर धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के एलोपैथिक इलाज करने वाली महिला के खिलाफ केस दर्ज, बीएमओ की शिकायत पर कार्रवाई

**इंदौर।** महू इलाके में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ बिना सक्षम डिग्री और रजिस्ट्रेशन के एलोपैथिक चिकित्सा कार्य करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मानपुर विकासखंड के मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश सिंगारे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि अमीषा सिंह निवासी हरिफाटक, काली माता मंदिर के पीछे, महू द्वारा अपने निवास स्थान या क्लिनिक पर मरीजों का इलाज किया जा रहा था। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की, तो पाया गया कि अमीषा के पास एलोपैथिक चिकित्सा करने के लिए न तो कोई वैध डिग्री है और न ही मेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन।बिना उचित योग्यता के एलोपैथिक दवाएं देना और इलाज करना अवैध कृत्य है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। बीएमओ की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।